एनसीसी कैडेट्स ने पृथ्वी दिवस को 'भू-अलंकरण' उत्सव के रूप में मनाया

दिनांक 22 अप्रैल 2026 को प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से 'पृथ्वी दिवस' के अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के 102 यू पी बटालियन गोरखपुर इकाई के कैडेट्स ने में भव्य रंगोली बनाकर भू-अलंकरण उत्सव के रूप में समर्पित किया। कैडेट्स ने अपनी रचनात्मक रंगोली से प्रकृति का श्रृंगार किया और अपनी कलात्मक कौशल का प्रदर्शन करते हुए ग्लोबल वार्मिंग के खतरों के प्रति सचेत करते हुए वृक्षारोपण और जल संरक्षण के महत्ता को रंगोली में दर्शाया। कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए ए. एन.ओ. लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने पृथ्वी दिवस पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के एनसीसी कैडेट्स ने रंगोली से भू अलंकरण करके प्रकृति की वंदना किया।

लेफ्टिनेंट डॉ संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि “पृथ्वी केवल एक ग्रह नहीं है, यह हमारा आधार है। आज जब हम जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसी वैश्विक चुनौतियों से जूझ रहे हैं, तब इस प्रकार के आयोजन जनमानस में चेतना जागृत करने का कार्य करते हैं। आप सभी ने अपनी रंगोली में जो 'पर्यावरण संरक्षण' के संदेश उकेरे हैं, वे शब्दों से कहीं अधिक प्रभावशाली हैं।रंगोली हमारी प्राचीनतम लोक कलाओं में से एक है। यह मंगल और शुचिता का प्रतीक है।महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के इस युवा प्रतिभा को देखकर यह विश्वास होता है कि हमारी आने वाली पीढ़ी अपनी जड़ों और संस्कारों के प्रति सजग है।”